हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 एसटीपीएस ने जीता अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब



## खबर संक्षेप

### संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** गेवरा प्रोजेक्ट कन्ज्यूमर को-आफपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड गेवरा प्रोजेक्ट पंजीयन क्रमांक 3369 विकासखंड कटघोरा जिला कोरबा के संचालकक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी दीपक सिंह कंवर द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 24 मार्च को सुबह 11.30 से अपरांह 3.30 बजे तक समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। विशेष साधारण सभा में मतदान 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे से अपरांह 3 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना की जायेगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक समिति कार्यालय में संपन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए समिति के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### महतारी वंदन योजना ने बढ़ाया आत्मविश्वास

कोरबा। सिधरामपुर, ग्राम पंचायत सुखरीखुर्द की श्रीमती ओमती मन्नेवार और ग्राम पंचायत अमलडीहा की श्रीमती लक्ष्मीन बाई आज अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में पहले से कहीं अधिक सक्षम हैं। दोनों महिलाएँ छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त कर रही हैं, जिसने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना शुरू कर दिया है। दोनों महिलाओं का कहना है कि इस योजना ने न केवल उनके परिवार के आर्थिक बोझ को कम किया है, बल्कि उनमें आत्मनिर्भरता का विश्वास भी बढ़ाया है। महतारी वंदन योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सीधे तौर पर सकारात्मक परिवर्तन ला रही है और उनके परिवार को बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला सुरक्षित आशियाना

**कोरबा।** एक सुरक्षित और पक्का घर हर परिवार के जीवन में स्थिरता, सम्मान और सुकून लेकर आता है। जब वर्षों का सपना हकीकत बनता है, तो वह केवल एक मकान नहीं बल्कि खुशियों और आत्मविश्वास की नई शुरुआत भी होता है। ऐसा ही सुखद बदलाव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 24, बुधवारी बाजार की निवासी श्रीमती मनीषा शुक्ला के जीवन में आया, जब प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 योजना की मदद से उनका पक्के घर का सपना साकार हुआ। श्रीमती मनीषा शुक्ला एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उनके पति श्री विपिन कुमार शुक्ला और वे लंबे समय से अपने परिवार के लिए एक पक्का मकान बनवाने का विचार कर रहे थे, लेकिन सीमित आय के कारण एक साथ बड़ी राशि जुटा पाना उनके लिए आसान नहीं था। वे जिस पुराने घर में रहते थे, वह पुराना हो चुका था।

### मंगलवार तथा शुक्रवार को होगा शिशु संरक्षण माह

**कोरबा।** जिले में शिशु संरक्षण माह 17 मार्च से 21 अप्रेल तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़किरण किया जाएगा। जिले में शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार छः माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगबाड़ी केन्द्रो/टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन ए तथा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आई.एफ.ए.सीरप पिलाया जाएगा। साथ ही टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को टीके, एनिमिया स्क्रीनिंग,गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती तथा स्तनपान संवर्धन संबंधित गतिविधियॉ किये जायेगें।

# बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू, पहले दिन जांची गई 2452 कॉपियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य दोनों परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी के नजर में हो रहा है। पहले दिन 2452 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य किया गया जिसके लिए दोनों केंद्रों को मिलाकर 381 शिक्षक कापी जांचने के लिए पहुंचे। परीक्षा के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जारी किए गए निर्देश के तहत मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

अलग खबर

बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के पहले चरण के मूल्यांकन कार्य सोमवार से साडा कन्या और एनसीडीसी मूल्यांकन केंद्र में शुरु हुआ। मूल्यांकन कार्य शुरु होने के पूर्व कॉपी जांचने पहुंचे शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य से संबंधित बोर्ड के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया और उसके बाद मूल्यांकनकर्ता शिक्षक अपने अपने कक्ष में पहुंचकर मूल्यांकन कार्य शुरु किए। पहला दिन होने के कारण प्रत्येक शिक्षक को मूल्यांकन के लिए 5 कॉपियां ही प्रदान की गई। सुबह 9 बजे मूल्यांकनकर्ता शिक्षक अपने अपने मूल्यांकन केंद्रों में पहुंच चुके थे। 11 बजे से मूल्यांकन कार्य शुरु हुआ जो शाम 5 बजे तक चला। मूल्यांकन केंद्र साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहले दिन 1305 कॉपियां जांची गई जिसमें 10वीं की 898 और 12वीं की 407 कॉपियां शामिल हैं। जहां मूल्यांकन के लिए 176 शिक्षक पहुंचे थे जिनमें 102 शिक्षकों ने 10वीं की कॉपियों का मूल्यांकन किया वहीं 74 शिक्षकों ने 12वीं की कॉपियों का मूल्यांकन किया। इसी तरह एनसीडीसी मूल्यांकन केंद्र में 10वीं की 797 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ और 12वीं की 350 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य किया गया। जहां 250 शिक्षक मूल्यांकन कार्य के लिए पहुंचे हुए थे।

## दोनों मूल्यांकन केन्द्रों में 381 शिक्षक ही पहुंचे कापी जांचने

**खास बातें**

- सीसीटीवी कैमरे की नजर में हो रहा मूल्यांकन
- मोबाइल ले जाने पर लगा है प्रतिबंध



### 25 मार्च से दूसरा चरण

मूल्यांकन कार्य का दूसरा चरण 25 मार्च से शुरु होने जा रहा है। पहले चरण के मूल्यांकन कार्य में जिन शिक्षकों की ड्यूटी की सूची मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों के पास पहुंची है उन्हें कार्यमुक्त करने के लिए स्कूल के प्राचार्यों को पत्र लिखा गया है। अभी भी बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। जिसमें कुछ शिक्षकों की ड्यूटी पर्यवेक्षक के रुप में और कुछ शिक्षकों की ड्यूटी उड़नदस्ता टीम में लगी है। इस वजह से ऐसे शिक्षक पहले दिन मूल्यांकन में नहीं पहुंच सके।

## राताखार, मुड़ापार, झगरहा में किया गया था कब्जा, यार्ड बनाकर चलाया जा रहा था अवैध धंधा

# कबाड़ियों ने अवैध कब्जा कर बनाया था यार्ड, किया गया जमींदोज, तीन मंजिल मकान की बारी आज



कार्यवाही करता निगम का तोड़ू अमला।



कार्यवाही के दौरान उपस्थित पुलिस बल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध रुप से कबाड़ व्यवसाय करने वाले कुछ कबाड़ियों ने शहर के अलग-अलग शासकीय जमीनों को कब्जा कर लिया था और वहां बड़े पैमाने पर कबाड़ यार्ड बनाकर इस अवैध कारोबार को किया जा रहा था। कबाड़ियों को सबक सिखाने के लिए प्रशासन पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए शहर के अलग-अलग स्थानों पर पहुंची थी। जहां अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए यार्ड को जेसीबी मशीन से तोड़कर जमीदोंज कर दिया गया है। प्रशासन और पुलिस के कार्यवाही से इस तरह के कृत्य को अंजाम देने वाले अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अवैध कबाड़ कारोबारियों सख्त कार्यवाही की गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर जमीन पर अवैध कब्जा कर संचालित किये जा रहे कबाड़ व्यवसाय एवं वहां पर निर्मित कबाड़ के यार्डों को नेस्तनाबूद कर दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के राताखार क्षेत्र में मुकेश साहू उर्फ बरबट्टी कबाड़ कारोबारी के द्वारा लगभग 70 डिसमिल शासकीय जमीन में कब्जा कर अवैध रूप से 2 कबाड़ यार्ड का निर्माण कराया गया था तथा भारी मात्रा में कबाड़ का संग्रह किया गया था जिसपर जिला, पुलिस व निगम प्रशासन ने संयुक्त कार्यवाही कर उक्त कबाड़ यार्ड को बुलडोजर चलाकर का ध्वस्त कर दिया। वहीं उक्त कबाड़ व्यवसायी के द्वारा बाउण्ड्रीयुक्त 3 मंजिला मकान भी वहीं पर बनाया गया है, अतिक्रमण दस्ते ने उक्त मकान के बाउण्ड्रीवाल को भी जेसीबी के माध्यम से तोड़कर हटा दिया गया, वहीं 3 मंजिला मकान के संबंध में मंगलवार तक का समय संबंधित को दिया गया है, कि वह मकान से अपना समान हटा लें, तत्पश्चात शासकीय जमीन में अवैध रूप से निर्मित उक्त मकान को तोड़ने की कार्यवाही भी प्रशासन द्वारा की जाएगी। इसी तरह मुड़ापार रामनगर क्षेत्र में कबाड़ व्यवसायी तनवीर के द्वारा लगभग 1-1 एकड़ शासकीय जमीन में अवैध कब्जा कर 2 कबाड़ यार्ड बना लिये गये थे, जहां पर कबाड़ का अवैध व्यवसाय किया जा रहा था, इस पर भी प्रशासन ने सख्त कार्यवाही की तथा वहां पर निर्मित दोनों कबाड़ यार्ड को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया है। जबकि सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत झगरहा बस्ती क्षेत्र में कबाड़ व्यवसायी सियाराम एवं मदनलाल के द्वारा लगभग 50 डिसमिल जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर 2 कबाड़ यार्ड बना लिये गये थे, जहां पर उनके द्वारा अवैध कबाड़ व्यवसाय किया जा रहा था, प्रशासन की संयुक्त टीम झगरहा पहुंची और कार्यवाही करते हुए दोनों कबाड़ यार्डों को बुलडोजर के माध्यम से हटाया गया।

### पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

कबाड़ियों द्वारा शहर में अवैध रूप से जमीन को कब्जा कर बड़े-बड़े मकान व गार्ड बन कर रखा गया था इसे तोड़ने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीम में पहले से ही तैयारी की थी और पूरी तैयारी के तहत सोमवार को जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की बड़ी टीम पहुंची और इस अभियान की शुरुआत की गई और अवैध रूप से कब्जा किए गए जमीन को खाली कराया गया। इस दौरान बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की टीम तैनात रही ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। कुछ लोगों ने इस कार्रवाई के दौरान बाधा डालने की भी कोशिश की और हंगामा भी किया लेकिन पुलिस प्रशासन के सामने उनकी एक न चाली।

### कबाड़ियों की टूटी कमर

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा शुरू से ही अवैध कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही थी। कबाड़ का व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही के बाद भी गाहे बगाहे कबाड़ चोर लगातार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस प्रशासन की कार्यवाही से इस कारोबार से जुड़े कबाड़ियों की कमर लगभग टूट गई है। पुलिस कार्रवाई से साफ चेतावनी जारी कर दिया है कि यदि दोबारा अवैध कारोबार किया जाता है तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को मिली तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल से छुट्टी होने पर एक 14 वर्षीय किशोरी अपने घर जा रही थी। इसी दौरान बीच रास्ते में दो युवकों ने उसका रास्ता रोककर किशोरी के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां न्यायालय ने दोनों आरोपियों को तीन-तीन साल का सश्रम कारावास दिया गया है। अतिरिक्त अभियोजक सुनील सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक 14 वर्षीय किशोरी 2025 को स्कूल से छुट्टी होने पर वह अपने घर लौट रहे थी कि इसी दौरान कुंआभट्ठा निवासी जावेद कुरैशी 30 वर्ष व उसका साथी रोशन दास महंत ने किशोरी का रास्ता रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। किशोरी ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जावेद कुरैशी और रोशन दास महंत के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय में हुई और दोनों आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को तीन-तीन साल सश्रम कारावास से दंडित किया है। शासन की ओर से अतिरिक्त लोकअभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की है।

# अज्ञात कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल में सवार 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। जबकि दूसरे किशोर गंभीर रुप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक की खोज में शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजोरीपाली भैंसमा निवासी युवराज सिंह कंवर 16 वर्ष पिता कमल सिंह कंवर अपने एक अन्य साथी के साथ रविवार की शाम 6 बजे उरगा की ओर आया हुआ था जहां से वापस लौटते समय पहंदा चौक के समीप पहुंचा था कि एक अज्ञात कार के चालक ने युवराज सिंह कंवर की मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए थे दोनों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान युवराज सिंह की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# युवक ने खुद पर किया चाकू से किया हमला, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 28 वर्षीय युवक ने चाकू से अपने ही शरीर पर कई जगहों पर वार कर जख्मी कर लिया है। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया है। युवक ने इस तरह की हरकत क्यों और किस लिए किया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है, बताया जाता है कि इस क्षेत्र में निवासरत मुकेश कुमार 28 वर्ष पिता मुन्ना ने दो दिनों पूर्व अपने घर में रखें किसी धारदार हथियार चाकू से अपने शरीर पर कई स्थानों पर हमला कर दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मुकेश को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया। मेडिकल अस्पताल द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई कर जांच के लिए अस्पताल चौकी को मामले को सुपुर्द कर दिया है। मुकेश ने किन कारणों के चलते अपने शरीर पर जानलेवा हमला किया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

# सर्वोच्च न्यायालय ने बालको के जी-9 प्रोजेक्ट के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता कंपनी बालको के जी-9 आवासीय प्रोजेक्ट को लेकर दायर याचिका को सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। यह याचिका अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान द्वारा दायर की गई थी, जिसमें जी-9 प्रोजेक्ट के निर्माण पर आपत्ति जताई गई थी। सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश से यह पुनः स्पष्ट हुआ है कि कंपनी द्वारा प्रोजेक्ट से संबंधित सभी आवश्यक अनुमतियों और स्वीकृतियों का पालन किया गया है और सभी कार्य नियमों के अनुरूप किए जा रहे हैं। इससे पहले भी इसी मामले में दायर याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किया जा चुका था।

कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप बताए गए हैं। बालको में चल रहे जी-9 विकास कार्यों को लेकर दायर याचिका में जो आपत्तियाँ उठाई गई थीं। अदालत ने प्रस्तुत तथ्यों और उपलब्ध रिकॉर्ड का परीक्षण करने के बाद अपना निर्णय सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय के बाद जी-9 प्रोजेक्ट से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है, जिससे कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। जी-9 प्रोजेक्ट का उद्देश्य कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और आधुनिक आवासीय सुविधाएं ⏭ शेष पेज 3 पर

## जनदर्शन में कुल 130 आवेदन प्राप्त, प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने दिए निर्देश

# बिजली बिल में सुधार के लिए विशेष शिविर होगा आयोजित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों और शहर से आए नागरिकों से संवाद कर उनकी शिकायतें और मांगें सुनीं तथा संबंधित विभागों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे आवेदकों ने क्रमवार अपने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करते हुए जरूरतमंदों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।



जनदर्शन में शिकायत सुनते कलेक्टर।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में बिजली बिल सुधार, पेयजल आपूर्ति, सीमांकन, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि, मुआवजा वितरण, नक्शा दुरुस्ती, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि भुगतान और अन्य मामलों से संबंधित कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों ने बिजली बिल में त्रुटियों के सुधार के लिए आवेदन दिए। कलेक्टर ने बिजली बिल सुधार से जुड़े आवेदनों के संदर्भ में विद्युत विभाग के अधिकारियों को राज्य शासन की नई गाइडलाइन के अनुसार व्यापक स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इन शिविरों में ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने, उनका परीक्षण कर पात्र आवेदकों को त्वरित राहत प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने शिविरों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने, शेड्यूल निर्धारित करने तथा आमजन तक जानकारी पहुँचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसी तरह पेयजल समस्या को लेकर पहुंचे ग्रामीणों के आवेदनों को भी कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पेयजल की समस्या वाले क्षेत्रव में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए।

# जांच में मिली नान में गड़बड़ी डीएमओ समेत तीन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अमानक चावल खरीदी का मामला सोमवार को विधानसभा में गूंजा। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने स्वीकार किया कि अमानक चावल की खरीदी हुई है और पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। इस प्रकरण में जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) प्रमोद जांगड़े सहित दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है।

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने मामला उठाया। मंत्री ने बताया कि कोरबा जिले के नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में बालोद, बेमेतरा और जशपुर के कर्मचारियों की आईडी का उपयोग कर चावल उठाव किया गया था। जांच में पाया गया कि खरीदे गए चावल में से 8,153 क्विंटल चावल वितरण योग्य नहीं था, जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ 34 लाख रुपये है। मंत्री ने बताया कि चावल की गुणवत्ता का नियमानुसार परीक्षण नहीं करने पर डीएमओ प्रमोद जांगड़े और दो अन्य कर्मचारियों को निलंबित किया गया है और मामले की जांच जारी है। विपक्ष ने जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। इससे पूर्व श्री जांगड़े के स्थानांतरण 20 फरवरी को कोरबा जिले से कोरिया जिला कर दिया गया था उनके जाने के बाद जांच कराई गई है उन्होंने जांच दल की भी जांच ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### नशे में धुत बाइक सवार डिवाइडर से टकराया, मौत

**बिलासपुर।** नशे में धुत होकर जा रहे बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकराकर गिर गया, जिससे उनके



सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, तालापारा निवासी मो. जयद हुसैन अंसारी पिता मो रहीस अंसारी 28 साल दोस्त रितेश तोलानी के साथ शराब पीने के बाद अलग अलग बाइक से पुराना बस स्टैण्ड की ओर जा रहे थे। रात 1.30 बजे होटल हैवन्स पार्क के सामने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए डिवाइडर से टकराकर गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर तत्काल पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गई। डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### कार की टक्कर से मां बेटी घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार मां बेटी को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली आशा स्वाती केरकेट्टा पिता सुनील कुमार केरकेट्टा 15 मार्च की सुबह स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल, 4110 में अपनी मां मुक्ती केरकेट्टा को बैठाकर चर्च जा रही थी। सुबह 8 बजे बंगाली स्कूल चौक में बुधवारी बाजार की ओर से आ रहे कार क्रमांक ईव्ही, एमजी विन्सोर के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दिया। हादसे में मां बेटी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मां को इलाज के लिए रेलवे हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आशा स्वाती की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मुखबिरी करने का आरोप लगाकर मारपीट

**बिलासपुर।** पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर चौकीदार से जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड टू स्पोर्ट सिटी में चौकीदारी करने वाले उमाशंकर ठाकुर पिता सुरेश सिंह ठाकुर 15 मार्च को ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान मानू बंजारे अपने दोस्तों के साथ आया और पुलिस का मुखबिरी करने का आरोप लगाकर जमकर मारपीट की गई है।

### अनाचार का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** महिला से अनाचार करने के मामले में फरार आरोपी पार्षद पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सकरी थाना के एएसआई सुरेन्द्र तिवारी ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट लिखाई थी। 25 जनवरी 2026 को उसलापुर सांई नगर पार्षदपति राजेन्द्र सूर्यवंशी उर्फ रिंकू पिता राजेश सूर्यवंशी 33 साल उनके घर घुसकर में घुसकर मारपीट करते हुए जोर जबरदस्ती कर अनाचार किया। उसके बाद घटना के संबंध में किसी को बताने पर पति व बच्चे को जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस अपराध कायम कर आरोपी के पतासाजी में लगी हुई थी। 16 मार्च को पुलिस ने उसलापुर क्षेत्र से फरार आरोपी पार्षदपति राजेन्द्र सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है।

एक-एक सिलेंडर के लिए चारों ओर मचा हाहाकार

एसी ट्रायबल ने सभी हॉस्टल अधीक्षकों को दिए निर्देश

# ट्रायबल के छात्रावासों में सिलेंडर की कमी का प्लान-बी तैयार, लकड़ी से खाना बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिलेंडर की कथित कमी के चलते एक ओर जहां एक-एक सिलेंडर के लिए चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है, वहीं दूसरी ओर आदिवासी विकास विभाग ने अपने छात्रावासों के लिए इसका प्लान-बी तैयार करके रख लिया है। सहायक आयुक्त द्वारा सारे छात्रावास अधीक्षकों को सिलेंडर की कमी होने की स्थिति में परेशान हुए बगैर लकड़ी से खाना बनवाने के निर्देश दिए हैं।

देश में गैस सिलेंडर के लिए भारी मारामारी के बीच आदिवासी विकास विभाग ने अपना प्लान-बी बनाकर मानो इस समस्या को एक पल में समाप्त ही कर दिया है। शहर के भीतर एवं गांवों को मिलाकर जिले में विभाग के दर्जनों बालक एवं कन्या छात्रावास स्थापित हैं, जहां रहने वाले बच्चों के लिए भोजन बनाने हेतु ईंधन की जरूरत होती है। छात्रावासों में गैस सिलेंडरों की जरूरत लगातार होती है, जिससे देश में व्याप्त परिस्थितियों के अनुसार यह भी संभव है कि कभी इनकी आपूर्ति सही समय पर न हो। ऐसे में छात्रावासों में भोजन बनाने में दिक्कत हो सकती है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए आदिवासी विभाग द्वारा अपने सारे छात्रावास अधीक्षकों को दूसरे विकल्प के तौर पर भोजन बनाने के लिए लकड़ी का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए आवश्यकतानुसार लकड़ी की समुचित व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

### 84 हॉस्टल में निवासरत हैं साढ़े चार हजार बच्चे

जिले में आदिवासी विकास विभाग के करीब 84 हॉस्टल हैं, जहां साढ़े चार हजार बच्चे निवास करते हैं। इस हिसाब से ऐसा माना जा सकता है कि प्रत्येक हॉस्टल में औसतन 50 से 55 बच्चों के लिए दोनों समय का चाय-नाश्ता और भोजन बनाया जाता है। ऐसे में छात्रावासों में हर दो दिनों में ही सिलेंडर की जरूरत होती होगी। इस लिहाज से विभाग द्वारा लकड़ी को वैकल्पिक ईंधन के तौर पर तैयार रखना अच्छा प्रयास कहा जा सकता है।



### पर्याप्त सिलेंडर रखने के निर्देश

कलेक्टर ने छात्रावासों में सिलेंडर की कमी नहीं होने संबंधी निर्देश खाद्य विभाग को दिए हैं। इसके बाद भी किसी कारणवश अगर सिलेंडर की आपूर्ति में कमी या विलंब की स्थिति निर्मित होती है, तो छात्रावासों में लकड़ी से भोजन बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**-संजय चंदेल,** सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग

दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में बढ़ी भीड़

# गर्मी शुरु होते ही पलायन करने लगे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी शुरु होते ही अब मजदूरों का कमाने-खाने के लिए पलायान शुरू हो गया है। इन मजदूरों की भीड़ नई दिल्ली की ओर जाने वाली हीराकुंड, जम्मूतवी, संपर्कक्रांति सहित अन्य ट्रेनों में है, जिसके कारण सामान्य यात्रियों को बैठने के लिए जगह मिलना भी मुश्किल हो गया है।

प्रतिवर्ष गर्मी की शुरुआत होने के साथ ही खेती किसानी का काम बंद हो जाता है। वहीं बारिश के मौसम में निर्माण कार्यो के रुकने के बाद ग्रामीण दोबारा अपने काम में लग जाते हैं। गर्मी के मौसम में खाली होने की वजह से कमाने-खाने के लिए मजदूर हजारों की संख्या में बाहर निकल जाते हैं। प्रदेश के बिलासपुर के साथ दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, रायगढ़ के अलावा कोरबा से भी बड़ी संख्या में मजदूरों की संख्या ट्रेनों में अधिक हो जाती है, जो अपने परिवार व बच्चों के अलावा पूरा घर का साजो सामान लेकर ट्रेन से दिल्ली, अमृतसर, जम्मू और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर रवाना होते हैं। इन मजदूरों की संख्या सबसे अधिक दुर्ग से रायपुर, भाटापारा, दाधापारा से डायवर्ट होकर उसलापुर होते हुए कटनी की ओर निकलने वाली दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर, दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति, बिलासपुर से होकर जाने वाली पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस में होती है। एसी कोच को छोड़कर और जनरल कोच में भीड़ अधिक होने के कारण मजदूर और उनका परिवार स्लीपर कोच में सफर करता है, जिसे ईएफटी काटकर टीटीई सफर करने की अनुमति दे देते हैं। इसके कारण दो माह पहले बुकिंग कराने वाले यात्रियों को कोच में भी चलने की जगह नहीं मिल पा रही है।



कोरबा-यशवंतपुर ट्रेन की कोच यात्रियों से भरी ठसाठस, खड़े होकर करना पड़ रहा सफर।

### मजदूर हैं कमाई का जरिया

रेलवे के कामर्शियल विभाग को अन्य विभागों के साथ राजस्व की कमाई का टारगेट दिया जाता है। रेलवे बोर्ड से जोन को और जोन से डिवीजन स्तर पर मिलने वाले कामर्शियल विभाग के टारगेट को पूरा करने के लिए अफसर सीटीआई और टीटीई की ड्यूटी स्टेशन और ट्रेनों में लगा देते हैं। टीटीई सबसे अधिक बिना टिकिट वाले यात्रियों के अलावा मजदूरों को बिलासपुर और उसलापुर से ट्रेन में रवाना करने के लिए प्रति यात्री 900 रुपए की रसीद काटते हैं, जिससे रेलवे को भी अच्छा खासा राजस्व प्राप्त हो जाता है।



# पेट्रोल-डीजल- एलपीजी के वाहनों को प्रवेश की छूट

### सप्लाई को हर हाल में सुचारू रखने लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई को सुचारू रखने के उद्देश्य से पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन में लगे भारी वाहनों को शहर के भीतर चौबीसों घंटे आवागमन करने की छूट प्रदान की गई है। यह छूट फिलहाल 31 मार्च तक के लिए होगी। इससे पहले तक इन भारी वाहनों के लिए भी दिन में पांच घंटे शहर के भीतर प्रवेश प्रतिबंधित रखा गया था।




■ 31 मार्च तक प्रभावशील

जिला प्रशासन ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस सिलेंडरों के परिवहन में लगे भारी वाहनों को शहर के भीतर चौबीसों घंटे आवाजाही करने की छूट दी है। वैसे तो भारी वाहनों का प्रवेश शहर में पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है, लेकिन पेट्रोलियम पदार्थों को अति आवश्यक वस्तु के अंतर्गत रखते हुए इसके परिवहन से संबंधित वाहनों को सुबह 9-11 एवं शाम 5-8 बजे तक की अवधि को छोड़कर पूरे दिन आवाजाही करने की छूट दी गई थी। आज की स्थिति में पेट्रोलियम पदार्थों की मारामारी को ध्यान में रखते हुए इसकी आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा न आए इसके लिए जिला प्रशासन ने शहर के भीतर पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन में संलग्न वाहनों को प्रतिबंधित अवधि सुबह 9-11 एवं शाम 5-8 बजे तक भी प्रवेश की अनुमति दे दी है।। ऐसे में अब पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन से जुड़े वाहन चौबीसों घंटे शहर के भीतर आवागमन कर सकेंगे। इन सभी वाहनों के लिए गतिसीमा 20 किलोमीटर प्रतिघंटे तय की गई है। हालांकि कलेक्टर द्वारा जारी उक्त आदेश के अंतर्गत यह छूट फिलहाल 31 मार्च तक के लिए ही जारी की गई है, जिसे संभवतः बाद में आवश्कतानुसार बढ़ाया जा सकेगा।

# जंगल को आग से बचाने माइक से अनाउंसमेंट कर रहे हैं ग्रामीण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीआर के जंगल में आग लगने की घटना को रोकने ग्रामीणों को माइक सेट दिया गया है। ग्रामीण माइक के जरिए गांव के लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। वहीं आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल टीम पहुंचकर उसे बुझा रही है। प्रबंधन के इस पहले से आग लगने की घटना में कमी के साथ वन्यप्राणी सुरक्षित रहेंगे।

गर्मी के मौसम में आग लगने की घटना सबसे ज्यादा जंगल एरिया में होती है। इस मौसम में पेड़ के पत्ते सूखने के बाद जमीन पर गिर जाते हैं, जहां ग्रामीण बीड़ी पीने के बाद उसे फेंक देते हैं। इसके कारण वन विभाग को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं आग लगने की घटना से वन्यप्राणियों को भी मुश्किल होती है और वे जंगल से गांव की ओर रूख करने लगते हैं। बिलासपुर वन मंडल के चारों रेंज के अलावा अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी घना जंगल हैं। आग की घटना को रोकने के लिए विभागीय अफसर प्रतिवर्ष संविदा नियुक्ति देकर फायर वाचर रखते हैं, जो पूरे जंगल का भ्रमण कर आग लगने की जानकारी देने के साथ उसे बुझाने का भी काम करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन के जंगल में आग की घटना को कम करने के लिए विशेष रूप से कोटा में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके साथ ही रायपुर मुख्यालय से भी सेटेलाइट के माध्यम से जंगल में लगने वाली आग के संबंध में जानकारी मिल रही है।

अब एटीआर प्रबंधन ने कंट्रोल रूम के साथ ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव में एक माइक सेट, हैंड हेड हेल्ड दिया गया है, जिसमें एक व्यक्ति सायकल पर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए आग की घटना से बचाव के लिए अनाउंसमेंट करने का कार्य कर रहा है।

### आग मित्र को मिली सायकल

अचानकमार टाइगर रिजर्व में पिछले वर्ष आग लगने की घटना में कमी आई है। यहां के विस्थापित ग्रामीण भी काफी जागरूक हैं, जो लगातार आग को देखकर उसे बुझाने का काम कर रहे हैं। इसे देखते हुए सभी गांव में अब लोगों में चार आग मित्र को चुना गया है, जिन्हें विभाग की ओर से सायकल भी दिया गया है। इस सायकल में आग मित्र विभाग से मिलने वाले माइक के जरिए आग को रोकने जागरूक करने का काम करेंगे।

-यूआर गणेश, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

# सीयू में कर्मचारियों के लिए बनेगी स्थानांतरण नीति

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण नीति बनाया जाएगा। शुक्रवार को यूनिवर्सिटी में स्टेडिंग कमेटी की बैठक हुई, जिसमें कर्मचारियों के स्थानांतरण संबंधी नीति बनाए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद कर्मचारियों के लिए अलग से स्थानांतरण नीति बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी जब स्टेट यूनिवर्सिटी था तब वहां के कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण नीति था। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों का एक से दूसरे विभागों में स्थानांतरण भी किया जाता था, लेकिन स्टेट यूनिवर्सिटी से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड होने के बाद से कर्मचारियों के लिए अलग से स्थानांतरण नीति नहीं बनाई गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं। ये कर्मचारी यूनिवर्सिटी के विभिन्न टीचिंग डिपार्टमेंट एवं प्रशासनिक कार्यालयों में पदस्थ हैं। कई-कई कर्मचारी तो पिछले कई सालों से एक ही विभागों में जमे हुए हैं तो कई कर्मचारी बार-बार इधर से उधर पदस्थ किए जाते हैं।

### मोपका क्षेत्र में नल की टोटी चोरी कर भागा चोर

**बिलासपुर।** मोपका क्षेत्र में चोर लोगों के घर के सामने से नल की टोटी चोरी कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, विवेकानंद नगर मोपका निवासी एसईसीएल रिटायर्ड कर्मी ओंमप्रकाश धिलहरे ने रिपोर्ट लिखाई। 14 मार्च की शाम 7.20 बजे उनके साढू पुन्नी लाल टण्डन के पड़ोसी चंदू साहू ने उन्हें फोनकर सूचना दी कि उनके घर के अंदर से तोड़फोड़ की आवाज आ रही है। उनके घर में काफी समय से ताला बंद है। वे टार्च लेकर अपने साढू के घर विवेकानंदनगर फेस 2 गए तो चंदू साहू व अन्य दो व्यक्ति मिले। टार्च जलाकर अंदर गए तो एक गंजा व्यक्ति बोरी में सामान रखकर अंधेरे का फायदा उठाकर उनके सामने से भाग गया। अंदर जाकर देखे तो 10 नग नल की टोटी चोरी हो गई थी। पुलिस ने श्री धिलहरे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले 5 नकाबपोश चोरो ने तीन सूने मकान का दरवाजा फाड़ कर लाखों का सामान चोरी कर लिया था। बताया जाता है पेशेवर बाहरी गिरोह के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस चोरों को पकड़ पाने में नाकाब साबित हो रही है।

# ग्राकृवि अधिकारी व पंचायत सचिवों को अफीम खोजने की जिम्मेदारी

### अफीम की खेती नहीं होने का देंगे सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंचायत, कृषि एवं राजस्व विभाग में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को अब उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की खेती का पता लगाने की जिम्मेंदारी सौंपी गई है। अफीम की खेती होने या नहीं होने दोनों ही परिस्थितियों में इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देंगे। इसे जमीनी स्तर पर पदस्थ कर्मचारियों द्वारा शासन को दिया गया एक तरह का सर्टिफिकेट भी कहा जा सकता है।

प्रदेश में हाल ही में बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का पता चलने बाद न केवल पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है, बल्कि शासन ने इसे गंभीरता से भी ले लिया है। इसी के मद्देनजर शासन द्वारा एक पत्र भेजा गया है, जिसके अनुसार शासन के कुछ विभागों में जमीनी स्तर पर पदस्थ कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की संभावित खेती के बारे में पता लगाने को कहा गया है। इसके अंतर्गत कृषि विभाग में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं पंचायत सचिव स्तर के कर्मचारियों को इसकी जिम्मेंदारी सौंपी गई है। कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की खेती होने या नहीं होने दोनों ही परिस्थितियों में इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देनी होगी।

एसडीएम मनीष कुमार साहू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों जिनमें पंचायत सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारियों से उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की खेती के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

# आरटीओ अधिकारी बनकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खुद को आरटीओ का अधिकारी बताकर बाइक सवार लोगों से 20 हजार रूपए की लूट व गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साइकिल और 1 हजार रूपए नगद बरामद किया है। आरोपी इसके पूर्व भी लूट के एक मामले में शामिल था जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

■ रास्ता रोककर गाली गलौज के साथ ही थी लूटपाट

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर मारकाडांड निवासी संदीप लकडा 11 मार्च की शाम अपने ससुर के साथ बाइक से हॉस्पिटल से गांधी चौक की ओर जा रहा था। इस दौरान राज पोल्ट्री फ़ार्म के समीप एक काले रंग के बुलेट बाइक में एक व्यक्ति आया और संदीप लकड़ा का रास्ता रोकते हुए धमकी देने लगा कि जब तुम्हे रुकने को कहा गया तो रुके क्यों नहीं। आरोपी ने खुद को आरटीओ अधिकारी शहजोर अली बताकर बाइक सवारों से गाली गलौज की और संदीप के पर्स में रखा 10 हजार और शर्ट के पाकिट में रखा 10 कुल 20 हजार रूपए लूटकर रख लिया और ग्रामीण को धमकी देने के बाद भाग निकला। इस घटना के बाद संदीप लकड़ा ने परिजन के साथ आरटीओ ऑफिस जाकर जानकारी हासिल की तो पता चला कि उक्त नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। इसके साथ ही यह बात भी सामने आई की फर्जी आरटीओ ऑफिसर सत्तीपारा इरानी मोहल्ला निवासी शहजोर अली आ. अयूब अली है।



### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पलटी कर, एक गंभीर

**लखनपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर बनखेता चौक के पास बिलासपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट कार को टक्कर कार दी। टक्कर में स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार एक यात्री को गंभीर चोटें आई हैं जबकि अन्य सवारों को मामूली चोटें लगी है। घटना रविवार की बताई जा रही है।

स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 12 बीडी 6873 अम्बिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान स्विफ्ट कार जैसे ही बनखेता चौक के पास पहुंची विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर स्विफ्ट कार पलट गई आगे के दोनों टायर फट गए। इस दौरान बिलासपुर की ओर से आ रहा पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 0149 ट्रक से टकराकर पलट गया। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट कार मैनपाट से आ रही थी तथा उसमें महिला व बच्चों सहित 6 व्यक्ति सवार थे। दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई है जबकि अन्य सवारों को मामूली चोटें लगी है जबकि पिकअप चालक एवं एक सवार पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# टीकाकरण के पहले दिन सिर्फ1 को लगा टीका

**बिलासपुर।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शुरू किए गए गार्डसिल नाम के क्वाड्रिवैलेंट एचपीव्ही टीके के लिए सोमवार को महज जिले में 1 किशोरी को ही टीका लगाया गया। वाटस्अप और फेसबुक में इस टीके के बारे में कई तरह की बातें सामने आई हैं, जिसके चलते लोगों को भ्रंम का माहौल है, जिसके चलते आने वाले दिनों में टीकाकरण की सफलता में देरी हो सकती है।

विशेष टीकाकरण राष्ट्रीय अभियान के तहत 16 मार्च से गार्डसिल नाम के क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी टीका 14 से 15 वर्ष के किशोरियों को लगाया जाना है। साल 2010 से 2012 के किशोरियों को इस वैक्सीन का टीका लगाया जा सकता है। डाक्टरों के अनुसार 14 साल पूर्ण होने और 15 साल से पहले ही टीका लगाया जाना है ऐसे में लोगों में भ्रम का माहौल पैदा हो चुका है। खास बात यह है कि निजी अस्पतालों में लगाए जाने वाले वैक्सीन की कीमत 4 से 7 हजार रूपए वसूल किया जाता है और दो वैक्सीन लगाई जाती है जबकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत वैक्सीन लगाई जा रही है, जिसमें डाक्टर और अधिकारी लगातार लोगों से टीकाकरण को प्रोत्साहन देने की अपील कर रहे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल में महज 1 किशोरी को ही टीका लगाया गया, हालांकि यह अभियान का पहला दिन था, लेकिन इसके बावजूद महज 1 किशोरी टीका लगाकर खानापूर्ति कर दी गई है।

■ अभियान को लेकर लोगों में भ्रम

### जिला अस्पताल में लगेगा टीका

14 वर्ष की किशोरियों को जल्द ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण किया जा रहा है। जिला अस्पताल में सुबह 9.30 से 2 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिले में 30 शासकीय कोल्ड चैन प्लाइँट बनाए गए है, स्वास्थ्य विभाग के लक्ष्य के अनुसार जिले में 22 हजार 363 किशोरियों को यह टीका लगाया जाएगा। इसके साथ ही मितानिनों को इस संबंध में प्रशिक्षण देकर किशोरियों को जिला अस्पताल लाने के लिए कहा गया है।

## खबर संक्षेप



### रैन खोल की वादियों में गूंजा कैमरा-एक्शन, हुई फील्म शूटिंग

**कोरबा।** सक्ती जिले की प्राकृतिक खूबसूरती से घिरी रैन खोल की वादियां इन दिनों पूरी तरह फिल्मी रंग में रंगी हुई हैं। यहां छालीवुड की नई फैमिली फीचर फिल्म ब्यूटी पार्लर वाली बहू की शूटिंग जोरों पर चल रही है। पहाड़ों, हरियाली और मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों के बीच हो रही शूटिंग को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस फिल्मी माहौल ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और जिज्ञासा का नया वातावरण बना दिया है। फिल्म ब्यूटी पार्लर वाली बहू का निर्माण महंत प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म के मुख्य निर्माता इंजीनियर पोषक महंत हैं, जबकि सह-निर्माता के रूप में संतोष महंत और अमनदीप अमित जुड़े हुए हैं। फिल्म निर्माण से जुड़ी टीम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक जीवन को बड़े पर्दे पर आकर्षक और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करना है। फिल्म की शूटिंग के दौरान छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी जनसम्पर्क करते हुए रैन खोल पहुंचे और कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने फिल्म यूनिट को शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ी सिनेमा के विकास की कामना की। वहीं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने भी शूटिंग स्थल का दौरा किया और छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने के इस प्रयास की सराहना की।

### हाईवा ने खड़ी पिकअप को मारी टक्कर विद्युत पोल तोड़ खेत में जा घुसा वाहन



**कोरबा।** कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग अंतर्गत ग्राम सरगबुंदिया और बरपाली के बीच घटित हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि पिकअप चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार रविवार लगभग 11:30 से 12 बजे के बीच एक पिकअप वाहन में सवार कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क की सफेद पट्टी लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पिकअप का टायर पंचर हो गया। चालक चंदन ने वाहन को सड़क किनारे साइड में लगाकर टायर बदलना शुरू किया। इसी दौरान पीछे से आ रहे हाईवा ने खड़ी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## निधन

### श्रीमती विमला गुप्ता



**बिलासपुर।** विवेकानन्दनगर मोपका निवासी, रिटायर्ड एसीसीएल कर्मचारी इन्द्रजीत गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती विमला गुप्ता का 16 मार्च की सुबह निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा मोपका स्थित निवास से 17 मार्च को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रतिमा अग्रवाल, कोरबा में अदानी ग्रुप के मैनेजर अतुल गुप्ता, आशीष गुप्ता की माता थीं।

### जगदीश



बांकीमोंगरा। साक्षी न्यूज़ एजेन्सी हरिभूमि के प्रतिनिधि अखिलेश कुमार के पिता जगदीश का निधन रविवार को निधन हो गया। वे पिछले दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बांकीमोंगरा बनवारी साईड के मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सर्वोच्च न्यायालय...

विकसित करना बताया गया है। यह परियोजना कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई पहल का हिस्सा मानी जा रही है। बताया गया है कि बालको टाउनशिप के आवासीय परिसर काफी पहले बनाये गए थे। समय के साथ-साथ सुरक्षा और आधुनिक सुविधाओं की जरूरत को देखते हुए नए कर्मचारियो के लिए आवासीय भवनों का निर्माण आवश्यक हो गया था।

### नान में गड़बड़ी...

कराने की मांग की और कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर वे हाईकोर्ट का रुख करेंगे। पूरक सवालों के जवाब में मंत्री ने बताया कि मामले में राइस मिलरों की भी संलिप्तता सामने आई है। कोरबा के 12 और कटघोरा के 14 राइस मिलरों को नोटिस जारी किया गया है।

# गढ़-उपरोड़ा मंडल में कार्यकर्ताओं को मिला बूथ प्रबंधन का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत रामपुर विधानसभा क्षेत्र के गढ़-उपरोड़ा मंडल में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय सत्र में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय राठौर ने वक्ता के रूप में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

अलग खबर

अपने संबोधन में डॉ. विजय राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को सशक्त बनाने का संकल्प ले ले, तो पार्टी की जीत सुनिश्चित हो जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, मतदाताओं से सतत संपर्क बनाए रखने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. राठौर ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देशवासियों के साथ संवाद का एक सशक्त माध्यम है। इसके जरिए प्रधानमंत्री देश की सकारात्मक कहानियों, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, बूथ प्रबंधन की रणनीति और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ.विजय ने मन की बात के माध्यम से संगठन की शक्ति समझाई

**खास बातें**

- मंडल स्तर में प्रशिक्षण देने चल रहा है प्रशिक्षण महाअभियान
- बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हो रहे शामिल



## एसडीएम को जांच के निर्देश

# खेल मैदान की बदहाली पर खिलाड़ियों का फूटा गुस्सा, कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा नगर के खिलाड़ियों ने अपने एकमात्र खेल मैदान की बदहाल स्थिति को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर अपनी पीड़ा रखी। खिलाड़ियों ने जिला कलेक्टर कुणाल दूदावत से मुलाकात कर मैदान में चल रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता और गुणवत्ता की कमी की शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल कटघोरा के एसडीएम को जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



खेल मैदान जहां मंडरा रहे हैं आवारा मवेशी।

खिलाड़ियों ने बताया कि कोरबा जिले के कटघोरा नगर पालिका परिषद अंतर्गत स्थित हाई स्कूल मैदान नगर का एकमात्र खेल मैदान है, जहां नगर के युवा नियमित रूप से खेल गतिविधियां करते हैं। इस मैदान में डीएमएफ मद से बाउंड्रीवाल, क्रिकेट पिच, घास, लाइट व्यवस्था और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद कटघोरा को कार्य एजेंसी बनाते हुए एक ठेकेदार द्वारा जनवरी 2025 से काम शुरू किया गया था। खिलाड़ियों का आरोप है कि निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा है और जो कार्य किया गया है, वह भी बेहद निम्न स्तर का है। मैदान में केवल बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है, लेकिन वह भी अनुमानित मापदंडों से कम गुणवत्ता का बताया जा रहा है। वहीं मैदान में लगाए गए तीन लाइट पोल में से एक पोल की लाइट शुरू से ही बंद पड़ी है, जिससे शाम के समय खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि मैदान में घास को हरा बनाए रखने के लिए कराया गया बोर खनन कार्य भी पूरी तरह से असफल साबित हुआ है। बोरिंग का हैंडओवर देने से पहले ही वह खराब हो गया, जिसके कारण घास सूखकर बेजान हो गई है। पानी की व्यवस्था नहीं होने से मैदान में घास को बचाने के लिए अब केवल बारिश के मौसम का इंतजार किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि मैदान में क्रिकेट पिच का निर्माण अभी तक शुरू भी नहीं किया गया है। अधूरे और घटिया निर्माण के कारण मैदान की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, जिससे खिलाड़ियों की खेल गतिविधियां पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और नगर पालिका के इंजीनियर द्वारा गुणवत्ताहीन और अधूरे कार्य को पूरा दिखाकर फर्जी बिल बनाकर राशि आहरण करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई बार ठेकेदार और इंजीनियर से कार्य पूरा कराने का अनुरोध किया गया, लेकिन किसी ने भी इस पर गंभीरता नहीं दिखाई।

# चिर्रा व श्यांग में नि:शुल्क पशु चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन




जागरुकता शिविर के दौरान उपस्थित विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालको

पशु चिकित्सालय श्यांग अंतर्गत ग्राम चिर्रा और श्यांग में पशु जागरूकता शिविर आयोजित की गई। 15 मार्च से जिला में पशुधन विकास विभाग द्वारा खुरहा चपका (एफएमडी) प्रारंभ किया जा रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन और शतप्रतिशत परिणाम प्राप्त हो इस आशय से उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सालय श्यांग के अन्तर्गत ग्राम चिर्रा और श्यांग में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के पशुपालक उपस्थित होकर लाभान्वित हुए। उक्त शिविर में पशुपालकों को बताया गया कि पशुधन विकास विभाग कि टीम घर घर जाकर टीकाकरण करेंगे तथा पशुपालकों की जानकारी रजिस्टर में संधारित भी करेंगे। इस दौरान पशुपालकों के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे। जिसमें सभी पशुपालकों से सहयोग का आग्रह किया गया। देश के 8सौ जिलों में से कोरबा जिला को भी आकांक्षी जिला में शामिल किया गया है। उक्त शिविर मे पशु चिकित्सालय श्यांग के प्रभारी डॉ. प्रियंका पांडेय, क्षेत्र अधिकारी ऐश्वर्य कंवर, पशु परिचारक संतोष दास महंत, मोबाइल वेटेरिनरी वेन से संबंधित डॉ शैलेंद्र कंवर व सहायक क्षेत्राधिकारी रितेश कंवर, छोटेलाल चौहान, राजेंद्र रागड़े, परमेश्वर बंजारा, ललिता राठिया और पशुपालकों की उपस्थित रहे।

# अखबार वितरक संघ कार्यालय को रेडक्रास सोसायटी ने भेंट किया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रेडक्रास सोसायटी कोरबा ने अखबार वितरक संघ जिला इकाई कोरबा के कार्यालय को वाटर कूलर भेंट किया, इससे अखबार वितरक संघ कार्यालय को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी। कुछ दिन पूर्व संघ के पदाधिकारियों ने इसकी मांग रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल से की थी। श्री अग्रवाल ने पहल करते हुए इसकी व्यवस्था के लिए संरक्षक मोहम्मद शफी से आग्रह किया और मोहम्मद शफी ने वाटर स्पेंसर की व्यवस्था की।

अखबार वितरक संघ जिला इकाई कोरबा ने 13 मार्च को शाम 8 बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया और बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, संरक्षक मोहम्मद शफी, राहुल मोदी-चेयरमेन, यूथ रेडक्रास सोसायटी, राजू सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद्मसिंह चंदेल ने किया। संघ ने उपस्थित अतिथियों का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। रामसिंह अग्रवाल ने अखबार वितरक संघ जिला इकाई के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छोटे-छोटे कार्यों से ही बड़ी सफलता मिलती है और एकता से सभी काम आसान हो जाते हैं। अखबार वितरण करने वाले बच्चों ने संघ बनाकर एकता का जो मिशाल पेश किया है, वह आने वाले दिनों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रास सोसायटी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एक साल में ही 1000 सदस्य बनाकर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 80 लाख रूपए से रेडक्रास भवन का निर्माण हो रहा है, 28 लाख की लागत से ब्लड कलेक्शन सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस का शीघ्र ही लोकार्पण होगा। कार्य करने का जज्बा हो तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं रहता, आप भी लगे रहिए, एक दिन यह संघ अपनी पहचान खुद ब खुद बना लेगा।

# स्वास्थ्य जागरुकता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एचटीपीएस कोरबा पश्चिम की ओर से ग्राम डिंडोलभाठा में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन मुख्य अभियंता एचके सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समीपस्थ गांवों में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम श्रृंखला छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की नई परियोजना 2 गुना 660 मेगावाट संयंत्र की निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के हिस्से हैं। जनरेशन कंपनी, विद्युत संयंत्र के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को जमीनी स्तर पर पहुंचा रही है। शिविर में डॉ प्रिंस जैन ने कहा कि यह अच्छी पहल है कि पावर कंपनी ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दे रही है। आप सभी ग्रामीणों को पावर कंपनी के चिकित्सा विभाग द्वारा लगातार स्वास्थ्य सलाह भी दी जाती रही है, इसका भी लाभ उठाते रहें। डॉ. अहरवाल ने कहा कि शुरुआती लक्षणों को पहचानकर चिकित्कों से अवश्य सलाह लें। माहवारी के दिनों में स्वच्छता के साथ सावधानी रखें, गर्भावस्था में नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, बच्चों को निमोनिया का टीका लगवाएं और टीबी से बचाव एवं प्रसार रोकने के लिए मास्क का उपयोग करें। डॉ रेणु कौशिक ने ग्रामीणों को बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों की जांच की। शिविर में 62 ग्रामीणों ने मधुमेह एवं रक्तचाप की जांच कराई। 90 ग्रामीणों को परामर्श के बाद सर्दी, खांसी, बुखार एवं जीवन रक्षक दवाइयां बांटी गईं। शिविरों का लाभ ग्राम डिंडोलभाठा एवं छिरहुट की महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग सहित कुल 107 ग्रामवासियों ने उठाया।



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

# वेदांता स्किल स्कूल बदल रहा महिलाओं के साथ देश का भविष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले जहां कई युवा महिलाओं के पास रोजगार के सीमित अवसर थे, वहीं अब वे फैक्ट्रियों, तकनीकी कार्यों, हॉस्पिटैलिटी सेवाओं और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में काम कर रही हैं। इस बदलाव में बालको का वेदांता स्किल स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण और उद्योग से जुड़ा अनुभव दिया जाता है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ नौकरी के लिए तैयार हो रही हैं। कई महिलाओं के लिए यह यात्रा सिर्फ नौकरी पाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने परिवार का भविष्य बदलने का मौका है।

वेदांता स्किल स्कूल भारत सरकार द्वारा पांच-सितारा रेटिंग प्राप्त स्मार्ट सेंटर है, जिसे नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) और सेक्टर स्किल्स काउंसिल (एसएससी) से मान्यता मिली है। वर्ष 2010 से अब तक यहां 14 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। यह संस्थान सात ट्रेड्स में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देता है, जिनमें सिलाई मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, हॉस्पिटैलिटी, फिटर एंड अलाइनमेंट, सोलर पीवी टेक्नीशियन और मोबाइल रिपेयर ऑपरेटर शामिल हैं। प्रशिक्षण के साथ संचार कौशल, कार्यस्थल सुरक्षा, कानूनी अधिकार, महवारी स्वास्थ्य और बालको के अनुभवी कर्मचारियों से मेंटरशिप जैसी गतिविधियां भी कराई जाती हैं, ताकि प्रशिक्षु देशभर की कंपनियों में रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। पूजा सोतकर बताती हैं कि मेरे लिए वेदांता स्किल स्कूल का प्रशिक्षण, आत्मनिर्भर बनने का रास्ता बना। उन्होंने कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था और कोरबा के एक बालिका आश्रय में पली-बढ़ी। उन्हें हमेशा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम कैसे काम करते हैं, यह जानने की जिज्ञासा रहती थी। इसी वजह से उन्होंने मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन कोर्स किया। प्रशिक्षण के बाद उन्हें बेंगलुरु की टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में ऑपरेटर की नौकरी मिली, जहां उन्हें सालाना 2 लाख से अधिक वेतन मिल रहा है।

# कलेक्टर जनदर्शन में हुई भाजपा के बरपाली मंडल अध्यक्ष की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के गुमिया ग्राम पंचायत के सरपंच ,पंच व ग्रामीणों ने ग्राम के निवासी ओमप्रकाश साहू उर्फ राजू साहू जो भारतीय जनता पार्टी के बरपाली मंडल अध्यक्ष है पर गुमिया में शासकीय भूमि के संरक्षण के लिये गोचर / चारागाह हेतु सामुदायिक शासकीय वन अधिकार पट्टा ग्राम पंचायम गुर्मिया के नाम से खसरा क्र. 1318/1 रकबा 2.832 हे. भूमि के अवैध कब्जे का आरोप लगाया है और इसकी लिखित शिकायत कोरबा कलेक्टर से जनदर्शन में किया। जिसमें बताया गया कि हम सभी ग्राम वासीयों को पूरवर्ती सरकार मे है. दिया गया है, जिसमें ग्राम के ओमप्रकाश साहू (राजू साहू) के द्वारा गांव के लोंगो को शासकीय औषधी केन्द्र बना राहा हूं कहकर चारागाह के पट्टा युक्त भुमि को अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और अपने आप को भाजपा बरपाली का मण्डल अध्यक्ष और पत्नि का उपसरपंच होने का रौब दिखाते हुए मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता कहता है। अवैध कब्जा हो जाने से ग्राम के मवेशीयों को चारागाह/गोचर हेतु चरवाहा को बहुत परेशानीयां हो रही है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि ओमप्रकाश राजू साहू के द्वारा किये गये अवैध कब्जे को हटाने की कृपा करें जिससे शासकीय सामुदायिक वन अधिकार पत्र का जनहित में उपयोग हो एवं संरक्षित भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा ना किया जा सके।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत गुमिया के सरपंच सहित ग्रामीणों ने लगाया अवैध कब्जे का आरोप

**कोरबा।** नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित परिसर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मेयर की पाती का शुभारंभ कराया। निगम द्वारा आमजनता को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न मूलभूत सुविधाओं में प्रमुख पानी, बिजली व साफ-सफाई आदि से जुड़ी समस्याओं को हल करना होगा।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## क्राइम की खबरें

### आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन आज

**कटघोरा।** सिंध महिला विंग सभा के अध्यक्ष तान्या नागवानी एवं सत्संग आयोजन समिति के अध्यक्ष आशा वाटवानी ने संयुक्त रूप से चर्चा के दौरान कहा की गुरुद्वारा के पीछे झूलेलाल धाम में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन 17 मार्च को सुबह 9.30 बजे से 11 बजे किया जाएगा। आध्यात्मिक सत्संग सतगुरु माता सुदीक्षा के कृपा पात्र ब्रम्ह ज्ञानी महात्मा भूप राम शर्मा ज्ञान प्रचारक के पवन सानिध्य में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।

### रेल संघर्ष समिति ने हसदेव एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ तक बढ़ाने की माँग

**कोरबा।** रेल संघर्ष समिति कोरबा के संरक्षक रामकिशन अग्रवाल व अंकित सावलानी ने डीआरएम को पत्र लिख कर कोरबा व आसपास के क्षेत्र के मातारानी की भक्त आराम से माँ बम्बलेश्वरी के दर्शन इस नवरात्रि में कर सके इसलिए हसदेव एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ तक बढ़ाने की माँग रखी है।

### अविवाहित युवाओं का वैवाहिक परिचय सम्मेलन होगा

**कटघोरा।** समाज में पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज द्वारा 4 व 5 अप्रैल को रायपुर में अविवाहित युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन अग्र धरोहर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए अग्रवाल सभा रायपुर के महामंत्री मनमोहन अग्रवाल,सतपाल जैन डॉ नीरज अग्रवाल,सहित सभी पदाधिकारियों ने अग्रसेन भवन कटघोरा में पहुंचकर अग्रवाल सभा कटघोरा को औपचारिक निमंत्रण दिया व सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मनमोहन अग्रवाल महामंत्री अग्रवाल सभा रायपुर ने बताया कि अग्र धरोहर वैवाहिक परिचय सम्मेलन का उद्देश्य समाज के अविवाहित युवक-युवतियों को एक मंच पर लाकर उनके लिए योग्य जीवनसाथी चुनने में सहायता प्रदान करना है। इस आयोजन में प्रदेश भर से अग्रवाल समाज के परिवार और युवा बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा में 8वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**हरदीबाजार।** माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा में कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बच्चों द्वारा आठवीं के छात्रों को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी बच्चों को विदाई दी गई। प्रधानपाठक श्री राठौर ने कहा कि विदाई की घड़ी हमेशा दुख का घड़ी रहा है बच्चों को माँ बाप, गुरु एवं खुद के सपनों को ध्यान में रखकर अपने आप को अनुशासीत रखकर देश के अच्छे नागरिक बनने, विभिन्न उच्च पदों पर जाने के लिये आगे पढ़ाई को ध्यान में रखकर परिश्रम को निरंतर करें और विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर सामना करें। शिक्षिका श्रीमती गायत्री राजवाड़े द्वारा अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर बच्चों को विभिन्न गणितीय गेम मनोरंजन हेतु करवाया गया। शिक्षक महेंद्र सिंह एवं रमाकांत मार्बल के द्वारा बच्चों को चुटका पद्धति से मनोरंजन कराया गया। छठवीं एवं सातवीं के बच्चों द्वारा कविता, गीत, नृत्य एवं विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। आठवीं के सभी बच्चों को एक एक पेन एवं विद्यालय को दीवाल घड़ी भेंट किया गया।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित



**कोरबा।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 में जिला में उच्च स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, डीईओ तामेश्वर उपाध्याय, राजेन्द्र पाण्डेय की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। गायत्री परिवार द्वारा प्रति वर्ष देश के 22 राज्यों के अतिरिक्त नेपाल में भी कुल 11 भाषाओं में यह परीक्षा छात्र/छात्राओं को भारतीय संस्कृति, मानवीय मूल्यों और परम्पराओं से अवगत कराने के उद्देश्य से कक्षा 5 से 12 तक तथा महाविद्यालय स्तर पर सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं हेतु आयोजित की जाती है। परीक्षा 13 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुई। उसी परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए जिला में प्रावीण्य सूची में सम्मिलित छात्र, छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान में कक्षा 5 से 12 तक के छात्र/छात्राओं को मेडल एवं प्रावीण्य प्रमाण पत्र के साथ प्रथम स्थान वाले को 5 सौ रू. द्वितीय स्थान वाले को 4 सौ रू.एवं तृतीय स्थान वाले को 3सौ रू. की राशि तथा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को प्रथम स्थान पर एक हजार रू, द्वितीय स्थान पर 7सौ रू. तथा तृतीय स्थान पर 5सौ रू. की राशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिले के 24 विद्यालयों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा कुछ प्राचार्यों एवं 278 सहयोगी शिक्षकों, शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# जिले के 79 हजार से अधिक किसानों के खातों में पहुंची 16 करोड़ की सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कृषकों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। 13 मार्च को असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री द्वारा योजना की 22वीं किश्त किसानों के बैंक खातों में राशि अंतरित की गई।

अलग खबर

जिले के कुल 79 हजार 629 पात्र कृषकों के खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से कुल 16 करोड़ 14 लाख रुपये की राशि सीधे जमा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन और किश्त हस्तांतरण प्रक्रिया का वेबकास्टिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया।

**किसान सम्मान निधि वितरण के लिए आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**खास बात**

- जिले में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की संख्या बढ़ रही है लगातार



समारोह में उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के विशेषज्ञों ने योजना के निर्बाध लाभ हेतु तकनीकी अनिवार्यताओं पर विशेष बल दिया। किसानों को ई-केवाईसी पूर्ण कराने, बैंक खातों की आधार सीडिंग सुनिश्चित करने और फार्मर आईडी की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने हेतु नो यूअर स्टेट्स मॉड्यूल का प्रदर्शन किया गया, जिससे वे स्वयं अपने खाते और प्राप्त किश्त की स्थिति का अवलोकन कर सकें। जिलेभर में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल 650 हितग्राही प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित हुए, जबकि जिला स्तरीय मुख्य समारोह में 65 प्रगतिशील कृषकों की सक्रिय सहभागिता रही। शासन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में तकनीक के समावेश के साथ-साथ लघु एवं सीमांत कृषकों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

### रामपुर पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र में भी लंबित पड़े हैं कार्य

# विधायक एवं प्रभारी मंत्री मद के स्वीकृत कार्य दो साल में नहीं हो सके शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधायक और प्रभारी मंत्री मद से स्वीकृत कार्यों के लंबित पड़े रहने के साथ शुरु नहीं होने के अनेक मामले सामने आ रहे हैं। इनमें से कई ऐसे कार्य हैं जो कटघोरा

**खास बात**

- क्रियान्वयन एजेंसियां नही ले रही हैं रुचि

विधानसभा विधायक के क्षेत्र के हैं जो दो साल से लंबित पड़े हैं। लगातार निर्देश के बाद भी क्रियान्वयन एजेंसियां कार्य शुरु करने में रुचि नहीं ले रही हैं। इसका खुलाया जनपद पंचायतों से मिल रही रिपोर्ट से हो रहा है।

इन स्वीकृत कार्यों में प्रभारी मंत्री मद से वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत उतरदा में बाजार शेड निर्माण जिसके लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है इसी तरह उतरदा बस्ती में 3 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण एवं कटघोरा विधायक मद से ग्राम पंचायत उतरदा में ही 2024-25 में मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए तथा सांसद मद से वर्ष 2025-26 में शेड निर्माण के कार्य शामिल हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत बोईदा में वर्ष 2022-23 में भी साढ़े 6 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण स्वीकृत किया गया था। इसी तरह वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत बोईदा में ही 15 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण भी स्वीकृत किया गया जो आज तक लंबित है। लंबित कार्यों की कड़ी में विधायक मद से सांस्कृतिक मंच का निर्माण तथा ग्राम पंचायत नवापारा में 5 लाख की लागत से सीसी रोड, प्रभारी मंत्री मद से 5 लाख की लागत से नाली निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए थे जो शुरु नहीं हो सके हैं। इनकी प्रगति रिपोर्ट के लिए सांख्यिकी विभाग के द्वारा जनपद पंचायतों को लगातार पत्र प्रेषित किया जा रहा है लेकिन लंबित कार्यों को पूरा कराने के मामले में निर्माण एजेंसियां रुचि नहीं ले रही हैं।



फाइल फोटो

**अन्य विधायकों का भी यही हाल**

रामपुर विधानसभा में 39 कार्य स्वीकृत किए गए थे। जिसमें से अभी तक 5 कार्य शुरु नहीं हो सके हैं। प्रभारी मंत्री मद से 7 कार्य स्वीकृत हुए थे और आज तक एक भी कार्य शुरु नहीं हो सके हैं। इसी तरह पाली तानाखार विधानसभा में विधायक मद से 83 कार्य स्वीकृत हुए थे जिसमें 64 कार्य शुरु भी नहीं हुए। इसी तरह प्रभारी मंत्री मद से 8 कार्य स्वीकृत हुए थे और सभी 8 कार्य शुरु नहीं हुए। कोरबा विधानसभा में कुल मिलाकर 41 कार्य विधायक और प्रभारी मंत्री मद से स्वीकृत हुए और सभी 41 कार्य आज तक शुरु नहीं हो सके हैं। जबकि क्रियान्वयन एजेंसी को 189.250 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है।

**प्रशासन की बैठक में होती है समीक्षा**

विधायक एवं प्रभारी मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों के प्रगति रिपोर्ट के लिए विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक होती है। इस बैठक में निर्माण एजेंसियों को स्वीकृत कार्यों के पूरा होने के लिए लगातार दिशा निर्देश दिए जाते हैं। उन निर्देशों के बावजूद भी निर्माण एजेंसियों के अधिकारी ठेका एजेंसियों पर दबाव नहीं बना पाते।

# पीजी कॉलेज में विद्यार्थी शोधशाला का शुभारंभ




कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुसा 2.0 (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) के अंतर्गत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से विद्यार्थी शोधशाला अंतर्गत शोध प्रविधि पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ 16 मार्च को किया गया। यह कार्यशाला 16 से 20 मार्च तक आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम की संरक्षक एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आर. बी. शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में शोध की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोध केवल डिग्री के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए। किसी भी शोध से पहले उस विषय का गहन ज्ञान अनिवार्य है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि यदि कोई विद्यार्थी 'पॉलीथिन के दुष्प्रभावों' पर शोध करता है तो उसे प्रस्तावना, लिटरेचर रिव्यू, रिसर्च मेथाडोलॉजी और बिबलियोग्राफी जैसे चरणों का पालन करते हुए कम से कम दो वर्षों के सूक्ष्म अवलोकन के बाद परिणाम तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने शोध को पेटेंट कराने और उसे व्यावहारिक बनाने पर भी जोर दिया। कार्यशाला के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप शुक्ला (सहायक प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को रिसर्च की मूल अवधारणा और महत्व, सही शोध विषय का चयन, डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण की विधियों , शोध नैतिकता के महत्व तथा शोध पत्र या शोध रिपोर्ट लिखने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया।

# ओपन स्कूल परीक्षा में परीक्षार्थियों के लिए ग्रामीण क्षेत्र बने पसंदीदा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सोमवार से शुरु की गई हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के ओपन परीक्षा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए परीक्षा केंद्र

**खास बातें**

- फरसवानी में 1697 तो नोनबिर्रा हाई स्कूल में 1029 परीक्षार्थी दिला रहे परीक्षा
- 9 केन्द्रों में नकल रोकने एक उड़नदस्ता टीम

परीक्षार्थियों के लिए पसंदीदा बने हुए है। स्थिति यह है कि शहरों के परीक्षा केंद्र में जहां परीक्षार्थियों की संख्या सैकड़ा भी नहीं पहुंच सकी है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के केंद्र में परीक्षार्थियों की संख्या हजार पहुंच चुकी है। इनमें फरसवानी परीक्षा केंद्र में 1697 एवं नोनबिर्रा में 1029 परीक्षार्थी बैठ रहे हैं।

ओपन स्कूल परीक्षा के लिए जिस तरह से परीक्षार्थियों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों के परीक्षा केंद्र में पिछले कुछ वर्षों से बढ़ी है उससे परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग को लेकर भी प्रश्न खड़े हो गए हैं। इसकी तुलना में शहरी क्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इससे जाहिर होता है कि परीक्षार्थी ओपन स्कूल की परीक्षा को पास होने का जरिया बना चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में कुछ परीक्षा केंद्रों में अन्य राज्यों से आकर परीक्षा दिलाने के भी मामले सामने आए थे। ओपन स्कूल परीक्षा में नकल रोकने केवल एक टीम गठित है। हालांकि केंद्रों की संख्या 9 है लेकिन जिस तरह से दूरदराज के क्षेत्रों को परीक्षा केंद्रर बनाया गया है उससे एक उड़नदस्ता टीम के भरोसे ओपन स्कूल परीक्षा में नकल रोकना संभव प्रतीत नहीं होता। हालांकि प्रशासन नकल रोकने के लिए पूरी तरह अलर्ट है। विभागीय अधिकारियों को इसके निर्देश भी दिए गए हैं।

**केन्द्रवार परीक्षार्थी**

| परीक्षा केंद्र | परीक्षार्थी |
|---|---|
| शाउमावि नोनबिर्रा | 1008 |
| शाउमावि रामपुर | 21 |
| शाउमावि पाली | 173 |
| शाबाउमावि कटघोरा | 228 |
| शाकउमावि कटघोरा | 96 |
| शाउमावि गुरसियां | 860 |
| शाउमावि फरसवानी | 1697 |
| शाउमावि कुदमुरा | 968 |
| शाकउमावि बालको | 273 |
| स्वामी आत्मानंद जमनीपाली | 41 |
| शाउमावि कोरबा | 113 |
| शाकउमावि साडा | 20 |
| शाबउमावि पसान | 124 |
| शाउमावि कुदुरमाल | 277 |
| शाउमावि तिलकेजा | 5 |
| कुल | 5904 |

# जनपद पंचायत कोरबा की सामान्य सभा का सदस्यों ने किया बहिष्कार



सदन से बाहर निकले जनपद सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता द्वारा चुनकर आए जनपद पंचायत सदस्यों की उपेक्षा हो रही है। विकास कार्यों के लिए डीएफ से कोई फंड उन्हें जारी नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की कार्य योजना में उनसे कोई सलाह नहीं ली जा रही है। जिसे लेकर सोमवार को आयोजित जनपद पंचायत कोरबा की सामान्य सभा का सदस्यों ने एकजुट होकर बहिष्कार कर दिया।

जनपद पंचायत कोरबा में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक का सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया। सदस्यों ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा उनकी उपेक्षा की जा रही है। जिला पंचायत सदस्यों को विकास कार्यों के लिए डीएमएफ से फंड जारी किया जाता है, जबकि उनके लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यहां तक कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना में भी उनसे किसी तरह की सलाह नहीं ली जा रही है। इस संबंध में सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों के विकास के लिए जनपद सदस्यों को भी जिला खजिन न्यास मद से राशि आवंटित की जाए।निर्वाचित जनपद सदस्य को अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न मांग व समस्याओं से अवगत ग्रामीणों द्वारा कराया जाता है। किन्तु सदस्यों के पास फण्ड की कमी के कारण किसी भी मांग व समस्या का निराकरण नही कर पाते है। जिसके कारण उन्हें बहुत ही असहज महसूस होता है। निर्वाचित होने के बाद भी जनभावनाओं को पूर्ण नहीं करा पाने पर क्षेत्रवासियों के मध्य अपमान का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जिला खनिज न्यास मद से जनपद सदस्यों की अनुशंसा के आधार पर स्वीकृति प्रदान किया जाए। सदस्यों ने कहा कि विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन तक में उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाता। इस तरह उनकी उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा है कि जब तक मांगों व समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तब तक सामान्य सभा का बहिष्कार करते रहेंगे।







### छग राज्य विद्युत कंपनी के द्वारा आयोजित की गई तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता

# एचटीपीएस ने जीता अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के द्वारा अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 मार्च तक हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम की मेजबानी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का खिताब एचटीपीएस कोरबा ने जीता। टीम ने यह प्रतियोगित 6 अंकों से जीत दर्ज की। फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम ने बिलासपुर रीजन को 25-19 से हराया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अभियंता एचके सिंह ने विजेता टीम कोरबा पश्चिम को शील्ड प्रदान किया गया। उपविजेता को बिलासपुर के नाम रहा।



प्रतियोगिता के शील्ड प्राप्त करते विजेता टीम के खिलाड़ी।

समारोह में मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, आरके. पांडे, केएनबी राव, एसके नायर, एससी पाठक और परियोजना प्रबंधक एसके पंड्या उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम से मनरूप कंवर को आलराउंडर और माखनलाल कश्यप को बेस्ट कैचर का अवार्ड दिया गया। इससे पूर्व पहला सेमीफाइनल मैच बिलासपुर रीजन व जगदलपुर रीजन के बीच और दूसरा सेमीफाइनल मैच कोरबा पश्चिम व रायपुर सेंट्रल के बीच खेला गया। कबड्डी के राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए 18 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की गई है। इनमें मनरूप कंवर, ईश्वर सिंह कंवर, राकेश बघेल, नरेंद्र दीवान, माखन लाल कश्यप, प्रवीण तिर्की, अनुज प्रताप सिंह, छगन चक्रधारी, राजेंद्र सिदार, विधाता पटेल, गुमान सिंह उर्वशा, प्रकाश सिंह कंवर, शैलेंद्र बट्टी, राम गुलाल दुग्गा, अरुण कंवर, सिरबल पुरामे, कृष्ण कुमार भैना और बिहारी लाल ध्रुव शामिल हैं।

